




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – **आशुतोष नवाल**

वर्ष 18 | अंक 125 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 15 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


# टोल टैक्स: लागत से ज्यादा वसूली, सुविधाएं नहीं..!

## मंत्री बोले-सीधे तौर पर ठेकेदार को नहीं ठहरा सकते जिम्मेदार

**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महू-नीमच राजमार्ग फोरलेन का जिले में लगभग 60 किमी से ज्यादा हिस्सा गुजरता है। इसमें कई जगह तो यातायात संकेतक लगे हुए हैं। लेकिन, डेंजर जोन वाले चौराहों, मार्ग संगम पर आने वाले शहर व गांवों सहित अधिकांश जगह संकेतक नहीं लगे हुए हैं। इसके चलते कई बार लोग आगे निकल जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या रतलाम व नीमच दोनों तरफ से मंदसौर आने वालों को होती हैं। इस तरह की कई कमियां देखने को मिल रही है। जो दुर्घटना का कारण बन रही है। स्थिति यह है कि टोल टेक्स के रूप में वसूली लागत से कई ज्यादा हो चुकी है। उदाहरण के लिए लेबड़ जावरा रोड की बात करें तो महज 426 करोड़ में बनाई गई इस रोड पर अब तक 1826 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। इतना ही नहीं, हर साल 15 प्रतिशत तक टोल बढ़ाया भी जा रहा है। यह सिर्फ एक उदाहरण। यहीं स्थिति अधिकांश टोल टैक्स की है। आश्चर्य की बात है कि विभागीय मंत्री कह रहे हैं कि सीधे तौर पर ठेकेदार को इन सड़कों पर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

### विस में पूछे प्रश्न पर यह जवाब दिया मंत्री ने...

इधर विभागीय मंत्री राकेशसिंह का कहना था कि सड़क पर दुर्घटनाओं के लिए ठेकेदार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। सड़क पर गड्ढे आदि के कारण हादसा हुआ हो तो ही ठेकेदार जिम्मेदार होता है। उन्होंने यह भी बताया कि टोल टैक्स की समय सीमा का बाकायदा अनुबंध होता है। बता दे कि मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के विधायक पंकज उपाध्याय और प्रताप ग्रेवाल ने टोल रोड के संबंध में सवाल पूछे। इसके जवाब में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रदेश की 96 सड़को पर टोल टैक्स के रूप में 7,571 करोड़ रुपए वसूले गए।

### रात में नहीं रहते हैं रेडियम युक्त स्टापर...

जिले के प्रमुख फोरलेन मार्ग पर पूरी तरह टोल वसूली हो रही हैं। इसके अलावा मंदसौर-चौमहला व मंदसौर-सुवासरा मार्ग पर भी टोल वसूली होती है। इसके बाद भी टोल कंपनी इन मार्गों र्पर सुविधाएं देने में काफी पीछे हैं। रात में प्रमुख मार्ग संगम व परिवर्तित मार्गों र्पर रेडियम युक्त स्टापर नहीं लगाए जाते हैं। अधिकांश स्थानों पर आने वाले शहर व व गांव के प्रवेश के बोर्ड लगे हैं पर वह रात में नजर नहीं आते हैं। डायवर्सन उस स्थान पर बनाया जाता है जहां पर सडक़ निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बायपास पर भी इस तरह के डायवर्सन बोर्ड लगाना आवश्यक होते हैं। डायवर्सन बोर्डों का अभाव रहता है। दिन में तो किसी तरह से व्यवस्था बन जाती है। लेकिन, रात के समय में डायवर्सन मार्ग पर रेडियम युक्त संकेतक नहीं होने से बेहद चिंताजनक स्थिति बन जाती है। कई बार निर्माणाधीन सड़क और बायपास के परिवर्तित मार्ग पर हादसे होते हैं। दिन में फोरलेन स्टाफ के कर्मचारी तैनात नहीं रहते हैं रात की तो बहुत दूर की बात है।

### तीसरी आंख का भी पहरा नहीं...

मंदसौर जिले के एकमात्र फोरलेन महू-नीमच राजमार्ग पर सबसे बड़ी समस्या रांग साइड चलने वालों की भी हैं। दो से तीन किमी का चक्कर बचाने के लिए मोटर साइकिल, चार पहिया वाहन चालक, ट्रैक्टर व अन्य छोटे वाहन चालक फोरलेन पर गलत साइड में चलते हैं। इन पर निगरानी के लिए टोल कंपनी को कैमरे लगाना चाहिये। दिन भर में




सैकड़ों वाहन इस तरह सफर करते हैं और छुट-पुट दुर्घटनाएं तो रोज होती ही हैं। कई बार बड़ी भी हो जाती हैं। सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से हादसों के जिम्मेदार भी पकड में नहीं आ रहे हैं। कम दूरी तय करने व पेट्रोल-डीजल बचाने के लालच में हादसों को न्योता दे रहे हैं। फोरलेन की टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने भी इस तरह के वाहन चालकों को रोकने के लिए किसी भी तरह से फोरलेन के कर्मचारी की तैनाती नहीं रहती है।

### 50 किमी तक भी नहीं है ले बाय...

फोरलेन व अन्य टोल मार्गों र्पर वाहन चालकों व यात्रियों की सुविधा के लिए ले बाय बनाना भी जरुरी हैं। और इसके लिए भी दो ले बाय के बीच की न्यूनतम दूरी 40 किमी होना चाहिए। इन जगहों पर वाहन खड़े करने के समुचित स्थान के साथ ही महिला व पुरुषों के लिए सुविधाघर व एक प्रतीक्षालय जैसा बड़ा कमरा बनाना होता हैं। जिसमें ट्रक चालक या अन्य लोग सुस्ता सके। फोरलेन पर ले बाय तो बने हैं पर उनके बीच की दूरी 50 किमी से भी ज्यादा है। इसके अलावा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं। पानी भी कई बार रहता ही नहीं हैं। इससे यात्री भटकते रहते हैं। वहीं कुछ लोग पेट्रोल पंपों पर जाते हैं पर कई पेट्रोल पंप पर पेयजल तथा पुरुष और महिलाओं के अलग-अलग सुविधाघर मिल जाते हैं, पर रेस्ट एरिया नहीं होता है। अल्पाहार का भी इंतजाम नहीं होता हैं।


### कम नहीं हो रहा आंकड़ा...

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सन् 2020 में जिले के अंदर 569 सडक़ दुर्घटनाएं हुई है। इनमें 589 लोग घायल हुए और 153 लोगों की मौत हुई है। जबकि उस साल 23 मार्च से लेकर एक जून तक लॉकडाउन लगा हुआ था। उसके बाद भी इतनी दुर्घटनाएं हुई थी। वही 2021 में 674 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इसमें 689 लोग घायल हुए और 193 लोगों की मौत हुई। 2022 में 648 सडक़ दुर्घटनाओं में 681 घायल हुए तो मरने वालों की संख्या 200 थी। बीते साल 2023 में सडक़ हादसों के ग्राफ में कुछ कमी जरुर देखी गई। लेकिन, मरने वालों की संख्या कम नहीं हुई। 2023 में 615 हादसों में 545 घायल हुए। वहीं 197 की मौत हुई।

# सिंबाल पर नहीं लड़ा कोई चुनाव

## सरपंच, जिपं सदस्य, मंडी अध्यक्ष, हुड़को संचालक के बाद सीधे राज्यसभा सांसद

**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव चुनाव को लेकर अपनी दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट में मध्यप्रदेश से चार और ओडिशा से एक नाम तय किया गया है। जबकि, तीसरी लिस्ट में गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यो से राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है।



दूसरी लिस्ट में बंशीलाल गुर्जर को मध्यप्रदेश से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि भाजपा के चुनाव चिन्ह पर वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीलाल गुर्जर ने एक भी चुनाव नहीं लड़ा। पूर्व में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष रहे बंशीलाल गुर्जर अब सीधे राज्यसभा सांसद होगे। इसका कारण है कि भाजपा के पास विधायकों का बहुमत है। ऐसे में यह तय है कि भाजपा के चारों उम्मीद्वार राज्यसभा के लिए चुने जाएगे।

### संसदीय क्षेत्र से राज्यसभा में जाने वाले चौथे जननेता...

महत्वपूर्ण बात यह है कि संसदीय क्षेत्र में अभी तक तीन राज्यसभा सांसद रहे हैं। जिसमें बालकवि बैरागी, रघुनंदन शर्मा और डॉ रघुवीरसिंह शामिल है। बता दे कि 63 साल के बंशीलाल गुर्जर वर्तमान में हुडको डायरेक्टर और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। वे पोस्ट ग्रेजुएट है। इनकी धर्मपत्नी रमा देवी गुर्जर वर्तमान में मंदसौर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष है। कृषि व्यवसाय करने वाले बंशीलाल गुर्जर भाजपा जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा महामंत्री और किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहे हैं। लंबे समय तक वे मंदसौर कृषि मंडी अध्यक्ष रहे। वे जिला पंचायत सदस्य भी रहे। उनकी धर्मपत्नि रमादेवी मंडी और जनपद की अध्यक्ष भी रही है।

## रामलला के दर्शनो हेतु अयोध्या धाम के लिए पैदल रवाना हुए तेरसिंह बंजारा

**गरोठ, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ ग्राम देथली बुजुर्ग निवासी और रामभक्त श्री तेरसिह पिता बाबूलाल जी खींची बंजारा देथली बुजुर्ग से अयोध्या धाम पहुंचने के लिए पैदल रवाना हुए। जहां वे रामलला के दर्शन कर क्षेत्र के कल्याण की याचना करेंगे।



बुधवार सुबह सरपंच मुकेश गौड़ ने श्री तेरसिंह को शुभकामनाएं देकर अयोध्या के लिए रवाना किया। उनकी पदयात्रा के लिए गांव सहित आसपास क्षेत्र के लोगो ने उन्हें शुभकामनाएं दी।


# मौसम: खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

## कई पीड़ितों पर दवाओं का असर कम, ठीक होने में लग रहे कई-कई दिन

**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय के निजी और सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में इन दिनो खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या में काफी ईजाफा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि अभी शहर सहित अंचल की बड़ी आबादी ऐसी खांसी से पीड़ित है, जिस पर दवाइयों का असर कम हो रहा है। इन्हें ठीक होने में भी 15- 20 दिन लग रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में र्यह समस्या ज्यादा है। इसलिए डॉक्टर्स इसे एस-3 एन-2 का अपग्रेड वर्जन या फिर हाइपर रिएक्टिव एयर-वे डिसऑर्डर बता रहे हैं।

डॉक्टरों के मुताबिक सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी का सीजन आने पर मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों में ज्यादातर मामले अपर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (यूआरआई) के आते थे, लेकिन अब पैरा इन्फ्लुएंजा वायरस या पोस्ट वायरल इफेक्ट के मरीज ज्यादा हैं। मरीजों में खांसी के साथ ब्रोन्काइटिस के भी लक्षण हैं।

इन मरीजों की कोविड समेत दूसरे कॉमन वायरस की जांच रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। आमतौर पर इन कॉमन वायरस के केस में मरीज को एक से डेढ़ हफ्ते का समय ठीक होने में लगता है। अब जो केस आ रहे हैं, उसमें खांसी इतनी जबरदस्त है कि मरीजों की पसलियों और छाती में दर्द शुरू होने के



साथ खांसते-खांसते उल्टियां आने लगती हैं। लंबे समय तक होने वाली खांसी के प्रमुख कारणों में वायरस से इंफेक्शन, धूम्रपान, संक्रमण, अस्थमा, पोस्ट नेजल ड्रीप (बलगम नाक के रास्ते से ना होकर गले के रास्ते में पहुंचना), गेस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लेक्स डिजीज जैसे अनेक कारण हैं।

### यह करें मरीज...

डॉक्टरों के मुताबिक वायरस का एक पीरियड होता है, जो 10 दिन में चला जाता है। लेकिन, इस बार लंग्स में सूजन देकर जा रहा है। इसलिए इसे पोस्ट वायरस ब्रोन्काइटिस या हाइपर रिएक्टिव एयर-वे डिसऑर्डर कहा जा रहा है। दवा के साथ खट्टा ना खाएं। सांस फूलना, सांसों में सेचुरेशन होना या सीने में तेज दर्द होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।

# तापमान में उतार-चढ़ाव से बीमारियों की चपेट में काला सोना



**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में तापमान का उतार-चढ़ाव अफीम किसानों को परेशान कर रहा है। मंगलवार- बुधवार की रात मंदसौर शहर सहित जिले के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। बुधवार सुबह भी बादल छाए हुए थे। हालांकि, बारिश की संभावना नहीं बन रही। बादलों के छाए रहने से दिन और रात के तापमान में उछाल आया है।

तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण अफीम की फसल कई बीमारियों की चपेट में आ गई है। किसानों ने बताया कि मौसम में लगातार उतार चढाव तथा नए सिस्टम एक्टिव होने से क्षेत्र में लगातार बादलों के छाए रहने के कारण अफीम की फसलों में नमी की वजह से एक सप्ताह के अंदर कई बीमारियों ने अफीम फसलों को अपनी जद में ले लिया है। इससे अफीम काश्तकारों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। क्षेत्र में लगातार बादलों के छाए रहने के कारण अफीम की फसल के पौधों में डोडे का विकास नहीं हो पा रहा तथा पौधों में खाकरिया रोग सहित पीलापन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। रोग के कारण क्षेत्र में कई काश्तकार अफीम में चीरा लगाने में असमंजस की स्थिति में है। वही कई किसानों के अफीम में चीरा लगाने का कार्य भी प्रगति पर है।

बता दें कि इन दिनो अंचल में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास बना हुआ है । अगले एक दो दिन और ऐसा ही मौसम रहेगा। बादल छटने के बाद तापमान में हल्की गिरावट आएगी। मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी महाराष्ट्र के मराठवाड़ा इलाके के ऊपर चक्रवाती घेरा है। एमपी के रीवा संभाग के आसपास लोकल लेवल पर चक्रवाती घेरा है। इसकी वजह से दक्षिणी हवाएं एक्टिव है। वह बंगाल की खाड़ी से नमी ला रही है। इससे बुधवार को पूर्वी क्षेत्र में बूंदाबांदी की संभावना है। बादल अगले दो दिन तक रहेंगे। इसके बाद मौसम खुलने लगेगा। तब तक न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं होगी। सिस्टम गुजरने के बाद एक-दो डिग्री की ही गिरावट रहेगी।

## कलेक्टर ने अफीम की खेती का जायजा लिया



**नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद एवं अन्य अधिकारियों के साथ जावद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ब्रह्मपुरी डीकेन मैं अफीम लाइसेंसी पटटाधारी किसान शांतिलाल पाटीदार के अफीम के खेत में जाकर अफीम खेती का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर अफीम के डोडो से चीरा लगाकर अफीम लूणने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली इस मौके पर तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा जनपद सीईओ श्री आकाश धारवे मनासा के जनपद सदस्य श्री सुनील पाटीदार एवं कृषक गण उपस्थित थे।

# नीमच गोलीकांड: फरार आरोपियों की तलाश जारी



## कल्लू-जाफर को उठाया, खुलासा नहीं

**मंदसौर/नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बीती 4 फरवरी को नीमच के विजय टॉकिज से लॉयन पार्क मार्ग पर शाम के समय समाजसेवी और शराब कारोबारी अशोक अरोरा गंगानगर पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस चारो गिरफ्तार आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। यह सभी आरोपी 19 फरवरी तक रिमांड पर है। इधर रैकी करने वाले बदमाश मंदसौर के मदारपुरा निवासी कल्लू पिता रशीद शाह और जफर पिता शाहिद शाह को पुलिस द्वारा उठा लिए जाने की खबर है। लेकिन, पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है। उधर उदयपुर के शाहिद पिता एजाज हुसैन के साथ इंदौरी बदमाश आशिक को पकड़ने के लिए 7-8 टीमें लगातार दबिशे दे रही है।



पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग टीमे इंदौर, राजस्थान के कई शहरो के साथ ही रतलाम में संदिग्ध एरियो व परिजनो के यहां दबिशें दे रही हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस ने रैकी करने वाले आरोपियों को मंदसौर से उठा लिया है। लेकिन, अधिकारी मामले में मौन हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है। नीमच पुलिस कप्तान श्री अमित तोलानी ने बताया कि पूछताछ के लिए कई लोगों को ला रहे हैं। अभी कोई नई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पूर्व की चार गिरफ्तारी ही है। इनसे पूछताछ जारी है। जल्द ही मामले में और खुलासा किया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नयागांव-जावद रोड रेलवे स्टेशन पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक गाड़ी नंबर 17013 अजमेर-हैदराबाद में बैठकर यात्रा कर रहा था। इसी दौरान मंगलवार रात करीब 11 बजे वह ट्रेन से गिर कर हादसे का शिकार हो गया। पुलिस को युवक की जेब से टिकट भी मिली है, जो निम्बाहेड़ा से नीमच तक का है। इसी दौरान ट्रेन से उतरते समय ये हादसा हुआ होगा। जानकारी के अनुसार हादसा इतना भीषण था की युवक का शरीर कई टुकड़ो में कटकर क्षतविक्षत हो गया। घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर ने जीआरपी नीमच को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को नीमच के बड़े अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां पोस्टमार्टम के लिए शव रखा गया है। युवक की पहचान होने और परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मामले में जीआरपी थाने के एसआई कन्हैयालाल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक की उम्र लगभग 30 साल के करीब हैं। उसके पास से... **शेष पेज 4 पर**



**माता का श्रृंगार**- गुप्त नवरात्रि की पंचमी पर महामाया नालछा माताजी का सोने चांदी के आभूषणों से मनमोहक श्रृंगार किया गया।

# बंशीलाल गुर्जर का सांसद बनना मालवा में नए शक्ति केंद्र का उदय है...

**मंदसौर/उज्जैन, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा की राजनीति में कोई कार्यकर्ता के रूप में 40 सालों से जाना जाने वाला नाम बंशीलाल गुर्जर पंचायत से अपनी राजनीति शुरू कर किसानों के साथ मंडी, जनपद, नगर पालिका का सफर करते हुए लगातार अपनी जनसाख में इजाफा करते रहे है। पिछले 20 सालों में होने वाले विधानसभा, लोकसभा चुनावों के पहले हर बार बंशीलाल गुर्जर का नाम चलता रहा था। किन्तु, प्रत्याशी नहीं बन पाए थे। बावजूद इसके भाजपा के प्रति समर्पण और काम करने का जज्बा इतना गहराया हुआ था कि प्रत्याशी न बनाए जाने के बाद भी संगठन ने जब-जब जो भी जिम्मेदारी सौंपी, बखूबी अंजाम देकर पार्टी प्रत्याशी को जीताने वाले नतीजे देते रहे थे।

खुद के प्रत्याशी न बनाए जाने पर हताशा उनके चेहरे पर कभी नजर नहीं आई। समर्थकों में हताशा फैली हो, तब भी अपनी जिम्मेदारी के साथ अपनी टीम को प्रत्याशियों को जीताने के लिए झोंक देते थे। देश-प्रदेश भर में जमीनी नेता के नाते कृषि जगत में नेतृत्व करते हुए उच्च स्तरीय जनसाख पा चुके बंशीलाल गुर्जर वर्तमान में राष्ट्रीय किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रहते महाराष्ट्र राज्य के प्रभारी होने के साथ हुडको के संचालक भी हैं। इन सब के साथ अब राज्यसभा सांसद भी नामांकित हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव भी होने ही वाले हैं और इस बार भी माना जा रहा था की बंशीलाल गुर्जर सांसद प्रत्याशी बनने की दौड़ में है। पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के नीतिकारों ने राज्यसभा के लायक मान जो अवसर दिया है, उससे भविष्य का राजनीतिक दृश्य भी स्पष्ट हो रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

बीते एक दशक से जब से नरेंद्र मोदी सरकार बन भाजपा को देश में सबसे मजबूत राजनीतिक दल बनाने की योजना पर काम शुरू हुआ। तब से ही हरियाणा, असम, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र के लोकसभा, विधानसभा चुनाव में मिले दायित्व को 20-20 दिन काम कर बंशीलाल गुर्जर ने जिस संजीदगी से काम किया था, वहीं वरिष्ठ संगठन की नजर में उनके नंबर बढ़ाता गया। जिसका नतीजा उन्हें राज्यसभा में नामांकित किया गया है। बंशीलाल भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता बनकर मालवा में उभरे हैं कि जिसे पिछले 30 सालों से हर चुनाव में नाम चलता रहा, वह खुद पार्टी का काम करते रहे। पंचायत से लेकर जिला, संभाग फिर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ताओं और संगठन की नजर में जुझारू और समर्पित नेता का ओहदा पा चुके हैं। पद विहीन रहकर भी जनप्रियता पाते रहे। यह कह सकते हैं कि भाजपा की राजनीति में अब उनका परिचय कराने और करने की जरूरत नहीं है।

राज्यसभा सदस्य के रुप में नामांकित तो हाल में हुए हैं। जनप्रिय कार्यकर्ता बन पिछले 30 साल से स्थापित है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि जमीन के एकदम नीचे की आखिरी सीडी से अपने धैर्य और समर्पित जज्बे के साथ काम करते हुए एक शक्ति केंद्र पहले ही बन चुके थे। और इतना अनुभव और धैर्य रखने वाले व्यक्ति को काम करने के लिए संगठन उपयुक्त मंच पर अवसर देता है तो वह अपनी सांगठनिक क्षमता, कर्मशिलता के कारण शक्ति केंद्र बनकर उभरता है। मालवा क्षेत्र में यही अवसर अब बंशीलाल गुर्जर को मिला है।



# पीएम मोदी ने यूएई के पहले हिंदू मंदिर का किया उद्घाटन

**अबू धाबी, 14 फरवरी।** राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थरों से निर्मित अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। यह मंदिर अपनी भव्यता से दुनियाभर के लोगों को आकर्षित कर रहा है। 27 एकड़ में बना 108 फुट उंचा यह मंदिर वास्तुशिल्प का चमत्कार माना जा रहा है। मंदिर में संतों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने पूजा अर्चना की।

दुनिया भर की कई बड़ी हस्तियां इस वक्त कार्यक्रम में मौजूद है। अभिनेता अक्षय कुमार भी समारोह में शिरकत करने पहुंच गए हैं। उनके साथ बीएपीएस के अधिकारी भी मौजूद हैं। अबू धाबी स्थित पहले हिंदू मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अबू धाबी में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर में लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी के नाम के नारे लगा रहे हैं। यह मंदिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का केंद्र बिंदु बन गया है।

**पीएम मोदी के स्वागत में बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे से जगमगा उठा**–यूएई दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी के स्वागत के लिए बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे से जगमगा उठा है। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की। इस बीच, बुर्ज खलीफा को तिरंगे में रंग दिया गया। बुधवार को 2024 विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से पहले मंगलवार को बुर्ज खलीफा को गेस्ट ऑफ ऑनर रिपब्लिक ऑफ इंडिया शब्दों से रोशन किया गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी के समृद्ध किसान का संकल्प होगा पूरा–उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## नाबार्ड प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 2,84,455 करोड़ रुपए ऋण संभाव्यता का आंकलन, पिछले साल से 9.99% ज्यादा, नाबार्ड की सराहना, 19 संस्थाएं सम्मानित

**भोपाल, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आज भोपाल में नाबार्ड की राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नाबार्ड की टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की समृद्धि का संकल्प दोहराया है उसे पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड, राज्य सरकार और मेहनती किसान मिलकर प्रदेश को नई उंचाइयों पर ले जाएंगे। श्री देवड़ा ने बैंकों से आग्रह किया है कि वे सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से आगे बढ़े। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के लिए नाबार्ड ने 2,58,568 करोड़ रुपए का आकलन किया था। कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए 19 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए राज्य शासन की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण एवं कृषि विकास बैंक- नाबार्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 2,84,455 करोड रुपए ऋण संभाव्यता का आकलन किया है। यह पिछले साल की तुलना में 9.99% ज्यादा है। इससे किसानों और छोटे व लघु उद्योगों से जुड़े कामगारों और राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संगोष्ठी में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एसएन मिश्रा, क्षेत्रीय निदेशक रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया सुश्री रेखा चंदनावेली मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार संयोजक एसएलबीसी श्री तरसेम सिंह जीरा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संभावित ऋण की 63.50 प्रतिशत राशि कृषि क्षेत्र के लिए दी जाएगी जबकि एमएसएमई सेक्टर के लिए 31.50% और शेष शिक्षा, आवास, नवकरणीय ऊर्जा जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च होगी।

मुख्य रूप से फसल उत्पादन, विपणन संधारण, जल संसाधन, कृषि मशीनीकरण, उद्यानिकी, सेरीकल्चर, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अधोसरचना खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण, सूक्ष्म ऋण और वित्तीय समावेश जैसे क्षेत्रों के लिए दी जाएगी। जल संसाधनों के संवर्धन और विस्तार के लिए 11,022 करोड रुपए की ऋण संभावना आँकी गई है। कृषि मशीनीकरण के लिए 15,977 करोड़, उद्यानिकी क्षेत्र के लिए 5,477 करोड़, वानिकी और जल संग्रहण क्षेत्र




के विकास के लिए 676 करोड़ रूपये, पशुपालन के लिए 15,318 करोड़, मछली पालन के लिए 935 करोड़, कृषि अधोसरचना के लिए 4,405 करोड़ खाद्य एवं कृषि संस्करण के लिए 7,430 करोड़ और एमएसएमई के लिए 89,471 करोड रुपए नवकरणीय ऊर्जा के लिए 796 करोड़ रुपए की ऋण की सम्भावना आंकी गई है।

# श्री गुर्जर को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## आतिशबाजी कर मिठाई बांट मनाई खुशियां, गुर्जर ने केंद्रीय नेतृत्व को दिया धन्यवाद

**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मध्यप्रदेश के राज्यसभा चुनाव हेतु भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाये जाने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्री गुर्जर के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्यप्रदेश की राज्यसभा की सीटों के लिये 4 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें श्री बंशीलाल गुर्जर का नाम भी शामिल है। यह समाचार प्राप्त होते ही भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्री गुर्जर के लालघाटी निवास पर पहुंचकर उनका पुष्पहारों से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर उन्हें राज्यसभा का उम्मीदवार बनने पर बधाई दी। भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने उनके निवास स्थान के बाहर आतिशबाजी भी की और अपनी प्रसन्नता की अभिव्यक्ति भी की।

नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर को भी इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी। श्री गुर्जर का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा के वरिष्ठ नेता गजराज जैन, कृषि वैज्ञानिक नरेन्द्र सिपानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य निहालचंद मालवीय, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विरम धनगर, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष लालाभाई गुर्जर, भाजपा नेता तेजपालसिंह शक्तावत, विनय दुबेला, सुनील जैन महाबली, जीवन गोसर, भानुप्रतापसिंह सिसौदिया, नरेन्द्र बंधवार पार्षदगण कमलेश सिसौदिया, दीपक गाजवा, संजय गोयल, विक्रम भैरवे, अमन फरक्या, आशीष गौड, मयंक मावर, कैलाश गुर्जर एडवोकेट, हस्तीमल जैन मुन्नाभाई, सुनील विजयवर्गीय, विजय पोपट, श्रेयांश हिंगड, दिलीप ग्वाला, शिव गुर्जर, मनुदेव आर्य सहित कई ने स्वागत किया।



मीडिया से चर्चा में श्री गुर्जर ने उन्हें राज्यसभा का उम्मीदवार बनाये जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बी.डी. शर्मा को धन्यवाद दिया और कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझ जैसे किसान कार्यकर्ता को जो इतना बड़ा सम्मान दिया है उसके लिये मैं आभारी हॅूं। मैंने जीवन भर किसानों के हितों के लिये काम किया है और आगे भी किसानों के हितों के लिये पार्टी के माध्यम से अपना काम करता रहूंगा। किसानों को उनकी उपज का पूरा दाम मिले इसके लिये मोदीजी की सरकार जो काम कर रही है वह सराहनीय है। किसानों को खेती की लागत से 50 प्रतिशत मुनाफा उनकी उपज के माध्यम से प्राप्त हो, हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। किसानों के जीवन को कैसे बेहतर बनाया जाए यह मोदी सरकार का विजन रहा है और इस दिशा में मोदीजी की सरकार काम कर रही है। राज्यसभा का उम्मीदवार बनाकर भाजपा संगठन ने मुझे जो अवसर दिया है उसके लिये मैं पूरी पार्टी का आभारी हॅूं। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये मोदीजी की सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मोदीजी ने देश में चार जातियां बताई है किसान, युवा, महिला और गरीब। इन चारों जातियों के विकास के लिये मोदीजी की सरकार काम कर रही है।

श्री गुर्जर ने किसान आंदोलन के संबंध में पूछे गये प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि मोदीजी की सरकार किसानों के मुद्दे पर बातचीत को तैयार है। किसान नेताओं को सरकार से बातचीत करना चाहिये तथा आंदोलन का मार्ग अपनाने की बजाय बातचीत व चर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं का समाधान खोजना चाहिये। किसान नेताओं का व्यावहारिक दृष्टिकोण रख सरकार से बातचीत करना चाहिये। मोदीजी की सरकार ने जो पिछले 10 वर्ष में जो किसानों के लिये काम किया है उसे खुले मन से देखने व समझने की जरूरत है जो काम पिछले 10 वर्ष में किसानों के लिये हुआ है उससे किसानों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है।

# रेलवे फाटक से पिपलियापंथ सड़क हुई जर्जर

## धूल से परेशान रहवासी, सड़क पर पुष्पमाला अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**पिपलियामंडी, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया रेलवे फाटक से पिपलियापंथ के जर्जर मार्ग के नही बनने से नाराज रहवासियों ने बुधवार सुबह एकत्रित होकर जर्जर सडक पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर दी। जानकारी के अनुसार रहवासी पूर्व पार्षद संतोष चौधरी, अजय गुर्जर, रतन पाटीदार, हरीश गेहलोत, अजय राजा गुर्जर, राकेश जैन, बाबू चोधरी, पवन बैरागी, ईश्वरलाल सेन, लालसिंह चन्द्रावत, विकास पोरवाल, राजू बैरागी, हरीश पेन्टर, सुनील पाटीदार, सुनील चोधरी आदि ने बताया सडक पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, गड्ढे हो रहे है, धूल के गुबार से डेढ किलोमीटर क्षेत्र में सडक मार्ग पर रहने वाले रहवासी परेशान है, नगर परिषद् को कई बार अवगत कराने के बाद भी सड़क नही बनाई गई, इसी कारण बुधवार को सुबह जर्जर सड़क पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

**गड्ढों में तब्दील हुई सडक :–** पूर्व पार्षद संतोष चोधरी का कहना है रेलवे फाटक से पिपलियापंथ तक सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, इसी मार्ग पर बीच में श्मशान घाट भी है। वार्ड 1,2,3,4 के रहवासी इसी मार्ग से आते-जाते है। 8-10 बार सीएम हेल्प लाइन पर भी सड़क को बनाने के लिए शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ध्यान नही दिया गया।



**जिम्मेदार नही ले रहे सुध :–** रहवासी व सेवानिवृत बीमाकर्मी हरीश गेहलोत का कहना है यह सडक करीब 10 वर्ष पूर्व बनी थी, घटिया होने से कुछ माह में ही उखड गई, मंदसौर जाने के लिए भी अधिकांश वाहन चालक इसी मार्ग का उपयोग करते है, धूल से सभी परेशान है। सड़क जर्जर हो चुकी है, नालियां टूटी हुई। जिम्मेदार सुध नही ले रहे है।

**एक माह पूर्व हुआ था विवाद :–** रेलवे फाटक से पिपलियापंथ तक की सड़क नही बनाए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर पूर्व पार्षद संतोष चोधरी व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया के बीच 14 जनवरी 2024 को विवाद भी हो गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों पक्ष के लोग पुलिस चोकी भी गए थे, लेकिन किसी ने शिकायत दर्ज नही कराई थी।

**टेण्डर हो चुका है :–** नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया का कहना है उक्त सड़क डामरीकरण बनाए जाने को लेकर टेण्डर प्रक्रिया हो चुकी है, राशि नही आने के कारण काम रुका हुआ है, राशि आते ही जल्द कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

**तलाश कर बताता हूं :–** सीएमओ प्रमोद जैन का कहना है इस मामले में मुझे पूरी जानकारी नही है, मंदसौर कलेक्ट्रेट मिटिंग में हूं। मार्ग क्यों नही बना तलाश कर बताता हूं।

# रासेयो शिविर का दूसरा दिन महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया

**पिपलियामंडी, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय पिपलिया की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से गांव गुड़भेली बड़ी में चल रहे शिविर का दूसरा दिन महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया, स्वयंसेवक शिविर नायक सत्यप्रकाश राठौड़ ने बताया प्रात: सभी स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली, श्रमदान कर शासकीय माध्यमिक




विद्यालय परिसर की सफाई, गाजर घास उन्मूलन का कार्य किया। बौद्धिक कार्यक्रम में अतिथि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर प्राध्यापक प्रेरणा मित्रा ने कहा महिलाएं इस प्रकृति का आधा अंग है, जो हर परिस्थिति में ढलने का गुण रखती है, भारतवर्ष में महिलाएं पूजनीय रही है, हमें सशक्तिकरण की आवश्यकता नहीं, केवल हमारी परंपरागत सोच में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हम स्वयं सशक्त हो जाएगी। पिपलिया महाविद्यालय प्रो. निशा जाटिया ने महिलाओं के विषय में संवैधानिक एवं सामाजिक प्रावधानों का उल्लेख किया और बताया कि शासन और समाज में महिलाओं के लिए सहयोग करता है, हमें भी संघर्ष करना चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंगुरबाला ने अपने जीवन में संघर्ष की कहानी बताई, ग्राम की वरिष्ठ महिला सुगनाबाई ने सभी छात्राओं को बेटी के समान मानते हुए सामाजिक नियमों से अवगत कराया, साथ ही महिला सशक्तिकरण और बसंत पंचमी पर्व पर सभी ने माता सरस्वती का गायन किया। संचालन कविता सोलंकी ने किया। इस अवसर पर कन्हैयालाल लोहार, अरुण नारगांवे, दयानंद पाटीदार, दशरथ पंवार आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत पेंशनरों का प्रतिनिधि मण्डल 9 सूत्रीय मांगों को लेकर उर्जा मंत्री तोमर से मिला, मांगों के निराकरण का मिला आश्वासन

**मंदसौर, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिवस म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय प्रतिनिधि मण्डल अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्नसिंह तोमर से मिला।

इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष खूबचन्द शर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संघर्ष समिति सदस्य राधेश्याम गुप्ता, सक्रिय कार्यकर्ता रामचन्द्र चौहान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर से पहली बार मिलने पर उनका शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा लम्बे समय से लंबित मांगों जिनमें केन्द्र के समान महंगाई राहत, धारा 49 विलोपित करने, पेंशन की गारंटी, आयुष्मान योजना, कैशलेस बीमा, 30 जून एवं 31 दिसम्बर के सेवानिवृत्ति पर वेतन वृद्धि, एसोसिएशन की कम्पनी प्रबंधक से त्रैमासिक बैठक सुनिश्चित



करना, बिना शर्त अनुकम्पा नियुक्ति, विधवा व परित्यक्ता पुत्री को भी अनुकंपा नियुक्ति आदि मांगों के संबंध में ऊर्जा मंत्री से विस्तार से चर्चा की तथा मांगों के निराकरण की मांग की। जिस पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा मांगों के बारे में सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उक्त जानकारी कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभुलाल कुमावत द्वारा दी गई।

# जाट की किला पहाड़ी पर सघन पौधारोपण करवाए–कलेक्टर

## कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने किया वाटरशेड कार्यों का निरीक्षण

**नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत जाट में स्थित ऐतिहासिक किले की पहाड़ी पर वाटरशेड के तहत सघन वृक्षारोपण करवाया जाए। प्राचीन किले पर ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित बोर्ड भी लगाया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बुधवार को जावद क्षेत्र के जाट में स्थित किला पहाड़ी पर वाटरशेड परियोजना के तहत किए गए पौधारोपण कार्य का अवलोकन करते हुए दिए। कलेक्टर ने जाट के प्राचीन किले का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से इस किले के इतिहास के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देश दिए, कि वाटरशेड परियोजना के तहत इस किले की पहाड़ी पर सघन पौधारोपण करवाए। किले के बारे में ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी संकलित कर, किले पर एक बोर्ड भी बनवा कर लगवाएं।

कलेक्टर जैन ने जाट में वाटरशेड परियोजना के तहत 13 हेक्टेयर क्षेत्र में पहाड़ी पर 2400 से अधिक कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का अवलोकन किया और जल संरक्षण के लिए वाटरशेड के तहत बनाए गए परकोलेशन टैंक तथा बोल्डर चेक डैम को भी मौके पर देखा। कलेक्टर ने कंटूर ट्रेंच निर्माण परकोलेशन टैंक निर्माण से हुए लाभ एवं जल स्तर में वृद्धि के बारे में भी ग्रामीणों से चर्चा की। कलेक्टर ने ग्राम सांडा में वाटरशेड के तहत नदी पर निर्मित स्टॉप डैम का



निरीक्षण किया और स्टाफ डैम निर्माण से हुए लाभ के बारे में जानकारी भी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद, जनपद सीईओ आकाश धार्वे, तहसीलदार शत्रुघ्न चतुर्वेदी, वाटरशेड परियोजना अधिकारी राधा मोहन त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया आंगनवाड़ी केंद्र और बालिका छात्रावास का निरीक्षण

**नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं



जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने बुधवार को ग्राम जाट के भ्रमण दौरान मिनी आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 5 जाट का निरीक्षण किया और आंगनवाड़ी भवन में खिड़कियां लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र परिसर की बाउंड्रीवॉल बनवाने और परिसर की साफ-सफाई करवा कर, समतलीकरण करवाने के लिए निर्देश भी ग्राम पंचायत सचिव को दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा कर, आंगनवाड़ी में उपलब्ध खिलौने व खेल सामग्री के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जाट के स्कूल परिसर में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। पुराने स्कूल भवन में संचालित इस छात्रावास भवन में अपर्याप्त कक्ष होने के कारण समीप में स्कूल के अन्य अनुपयोगी भवन का उपयोग छात्रावास के लिए करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने जनपद सीईओ को निर्देश दिए, कि स्कूल परिसर में स्थित सभी भवनों का निरीक्षण कर, उपयोग में नहीं आ रहे शाला भवनो का सुव्यवस्थित प्लान एवं एस्टीमेंट तैयार कर अनुपयोगी भवनो को उपयोग में लाने के लिए आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्य करवाए। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए, कि शाला परिसर में अवैध अतिक्रमण को हटाए और ग्राम पंचायत के माध्यम से स्कूल भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करवा कर प्रस्तुत करें।

# कृषक सुविधा केंद्र को आर्थिक आत्म निर्भरता का माध्यम बनाएं-कलेक्टर

**नीमच, 14 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बुधवार को रतनगढ़ क्षेत्र के प्रवास दौरान ग्राम पंचायत बधावा में वाटरशेड परियोजना के तहत नवनिर्मित कृषक सुविधा सह कस्टम हायरिंग सेंटर बधावा एवं जाट का निरीक्षण कर, वहां उपस्थित किसानों और कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्यों से संवाद किया।

कलेक्टर श्री जैन ने किसानों से आह्वान किया, कि वे क्षेत्र में प्रमुखता से उत्पादित होने वाली फसलों के प्रोसेसिंग का सेंटर स्थापित करें और उपज का स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग कर अधिक लाभ कमाए। कलेक्टर ने किसानों से हल्दी, लहसुन एवं मूंगफली की प्रोसेसिंग के लिए मशीन स्थापित करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने का आह्वान किया। कलेक्टर ने कहा, कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उनके सहयोग के लिए उपलब्ध है। वह अच्छी तरह से कृषक उत्पादक संगठन का संचालन करें और इस कृषक सुविधा केंद्र पर कस्टम हायरिंग सेंटर को क्षेत्र के किसानों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मॉडल बनाएं।

स्प्रे-पेन्टर चाहिए
* संपर्क *
7089832581

**ट्रेन की चपेट में आने...** पेज 1 से जारी

कोई पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। रेलवे प्लेटफार्म के नीचे उसका शरीर कटा हुआ मिला है। संभावना है कि वह चलती हैदराबाद ट्रेन से जावद रोड पर स्टॉपेज नहीं होने पर भी उतर रहा होगा और स्पीड ज्यादा होने की वजह से हादसे का शिकार हो गया है। युवक की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**कार्यालय– दीपक सैनी एडव्होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर–2 रोड नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422–356589)
दिनांक– 14.02.2024

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनेश सूर्यवंशी पिता राधेश्याम जी सूर्यवंशी जाति मेघवाल, निवासी ग्राम गोगरपुरा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर द्वारा आवासीय मकान जो कि ग्राम पंचायत गोगरपुरा आबादी क्षेत्र में भवन पंजी क्रमांक–96 पर दर्ज होकर ग्राम गोगरपुरा वार्ड नंबर–5, गाईड लाईन अनुसार वार्ड नंबर–29 तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई–पंजीकरण क्रमांक–एमपी249402024ए 1168189 दिनांक 09.02.2024 को सम्पत बाई सूर्यवंशी पति दिनेश सूर्यवंशी जाति मेघवाल, निवासी ग्राम गोगरपुरा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है–

चर्तु:सीमा– पूर्व में–शंकरलाल धामनिया का मकान, पश्चिम में–कैलाश व मुकेश पाटीदार की भूमि, उत्तर में–रमेश मेघवाल का मकान, दक्षिण में–आम रास्ता, पैमाईश – पूर्व से पश्चिम 16.8 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 73 फीट है। कुल क्षेत्रफल – 1226 वर्गफीट यानी 113.89 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर दिनेश सूर्यवंशी पिता राधेश्याम जी सूर्यवंशी जाति मेघवाल द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in